## महत्वपूर्ण एवं खास

### राहुल शर्मा स्मृति रक्तदान रक्तवीर रक्तदाता सम्मान शिविर 12 मार्च जिला चिकित्सालय में

रायगढ़। पुलिस सहायता संघठन के तत्वावधान शास.लखी राम अग्रवाल चिकित्सा महाविद्यालय जिला चिकित्सालय में पुलिस और जनता के बीच मे अमिट छाप छोड़ने वाले ग्रेट आई पी एस ऑफिसर राहुल शर्मा जी के 12 मार्च को पुण्यतिथि पर रक्तदान, रक्तवीर रक्तदाता सम्मान शिविर का भव्य आयोजन किया गया है। अनगिनत रक्तदान करने वाले रक्तदाता पुलिस सहायता संगठन के राष्ट्रीय सचिव श्याम कुमार गुप्ता, संघठन के प्रदेश महिला अध्यक्ष आरती सिंह के नेतृत्व में रक्तदान महादान का संदेश को जन जन तक पहुचाने की मुहिम में पुलिस सहायता संगठन परिवार जुटा है। उक्त रक्तदान कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 2 बजे तक जारी रहेगी जिसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी बसंत रात्रे ने दी।

### ट्रक ने बिजली खंभा ठोका, क्षेत्र के लोग आक्रोशित, बिजली गुल से लोग होते रहे परेशान, भारी वाहनों के रेलमपेल से हो रही दुर्घटनाएं

रायगढ़। बाजीराव मौदहापारा क्षेत्र में बीती रात एक ट्रक के चालक ने लापरवाही व तेज वाहन चलाते हुए सड़क किनारे लगे एक ट्रांसफार्मर को ठोक दिया। इससे बिजली खंभा टूट गया और पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था रात ढाई बजे बंद हो गई। इसके बाद क्षेत्र के लोग काफी आक्रोशित हो गए, लेकिन मजबूरीवश लोगों को रात भर इस गर्मी के बीच जाग कर समय बिताना पड़ा। मामले में जूटमिल पुलिस की रात्रि पेट्रोलिंग टीम घटना स्थल पर पहुंच कर घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कार्यवाही कर रही है।

### डॉ. अरुण गुप्ता के सूने मकान में चोरों का धावा, पुलिस मामले की जांच में जुटी

रायगढ़। शहर में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है बीति रार फिर से अज्ञात चोरों ने शहर के ढिमरापुर क्षेत्र के आशीर्वाद पुरम कॉलोनी में डॉ. अरुण गुप्ता के सूने मकान को निशाना बनाया है। बताया जा रहा है कि डॉ. अरुण गुप्ता की बेटी का अगले महीने शादी होने वाली है। इसलिए पूरा परिवार के लोग खरीदारी करने वे दिल्ली गये हुए हैं। आज जब सुबह कामवाली बाई काम करने आयी तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ था जिसके बाद उसने आस पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद कॉलोनी के लोगों ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर, कोतवाली थाना प्रभारी सहित पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। और घटनास्थल पर पंहुचकर छानबीन की। इस मामले में सीएसपी अविनाश सिंह ठाकुर ने बताया कि अभी तक कितने की समान चोरी हुई है इसका खुलासा नहीं हुआ है। चोरी हुये सामानों की सही जानकारी मकान मालिक के घर आने के बाद ही पता चल पायेगा। सीसीटीवी फुटेज निकाला गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि शहर में हुए अन्य चोरियों का खुलासा भी आने वाले दिनों होगा।

### पल्स पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम 10 को

रायगढ़ । राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान अंतर्गत 10 मार्च को 0 से 5 वर्ष आयु समूह के लगभग 178544 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो बूंद खुराक पिलायी जाएगी। जिले के सभी विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों के विशेष स्थलों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, साप्ताहिक बाजार, ईट भट्ठा एवं विभिन्न औद्योगिक क्षेत्र के बच्चों हेतु विशेष टीम का गठन किया गया है।

# होटल रेस्टोरेंट में एक तेल का बार-बार उपयोग पड़ेगा भारी

रायगढ़। एक ही तेल में बारंबार तलने के कारण शरीर में दुष्प्रभाव व्यापक रूप से पड़ता है इसे लेकर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण द्वारा नया नियम लागू किया गया है। नए नियम के मुताबिक राज्यों को खाद्य एवं औषधि प्रशासन को होटल व रेस्टोरेंट मे सघन जांच अभियान चलाकर कार्रवाई का निर्देश जारी किए हैं। इस आदेश के बाद अब होटल और रेस्टोरेंट में खाद्य तेल का बार-बार उपयोग करना दुकान दार होटल संचालक एवं रेस्टोरेंट संचालक को कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना राशि की गाज गिर सकती है। विदित है कि खाद्य पदाथो के निर्माण और विक्रय



के दौरान बढ़ती जा रही लापरवाही के बाद उठती स्वास्थ्य गत परेशानियों को देखते हुए देश ही नहीं प्रदेश व जिले में भी लगातार जांच अभियान चल रहा है। इसके बावजूद लापरवाही में कहीं कोई कमी नहीं आ रही है। दूसरी तरफ त्यौहार के साथ शादियों का सीजन चालू हो गया है, इसलिए होटल और रेस्टोरेंट में जमकर पार्टियों का दौर चल रहा है। खाद्य पदार्थ निर्माण में खाद्य तेल महत्वपूर्ण है लेकिन यह देखा गया है कि एक ही तेल से विभिन्न पदार्थ तले जाते हैं। बचत की दृष्टि से यह भले ही अच्छी कोशिश कही जा सकती है, लेकिन स्वास्थ्य की नजर से इसे उचित नहीं माना जा रहा है। इसलिए लैब रिपोर्ट को आधार बनाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने तत्काल प्रभाव से असा किए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। परंतु यह प्रतिबंध जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के उदासीनता से ठंडे बस्ते में चला गया है जिसका परिणाम धड़ल्ले से एक ही तेल को कई बार उपयोग में बैखोफ होकर लाया जा रहा है।

### ये है नया नियम

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के आदेश के बाद असे रेस्टोरेंट्स और होटल या ढाबे जो प्रतिदिन 50 लीटर खाद्य तेल का उपयोग करते हैं उन्हें खरीदी करने वाले संस्थान का नाम, पता, मात्रा का लिखित विवरण रखना होगा। कितनी मात्रा उपयोग में लाई गई, कितना शेष बचा इसका पूरा हिसाब रखना होगा ताकि विपरीत परिस्थितियों में जवाबदेही तय की जा सके।

### इसलिए किया गया प्रतिबंध

खाद्य तेल का एक बार उपयोग किए जाने से इस में ट्रांसफैट की मात्रा कम होती जाती है। वैसे इसका कोई नुकसान नहीं है, लेकिन बार-बार के उपयोग से यह मात्रा कम होने के बाद स्लो पयजन बनती जाती है। मात्रा कम होने से यह घातक हो जाता है। दरअसल ट्रांस फैट को खाद्य तेलों में इसलिए डाला जाता है क्योंकि इसमें तेल को ठोस करने की क्षमता होती है। इस वजह से खाद्य तेल की सेल्फ लाइफ बढ़ जाती है लेकिन बार-बार के उपयोग से ट्रांसफैट की मात्रा का कम होने से हार्ट पर सीधा असर डालता है।

## महाविद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

रायगढ़। डिग्री कॉलेज रायगढ़ में अभाविप द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें महाविद्यालय से जुड़ी विभिन्न समस्याओ जैसे सेमेस्तर परीक्षा के उपरांत परिणाम अभी तक ना आने, नियमित सफाई ना होना, गर्मी के समय वाटर कूलर खराब होना पानी की असुविधा जैसे समस्याओं को दूर करने की मांग की। कॉलेज प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से समस्या निवारण हेतु आश्वासन दिया गया है।

## टीईटी परीक्षा 10 को

रायगढ़, 8 मार्च (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा टीईटी 19 परीक्षा का आयोजन 10 मार्च 2019 को दो पालियों में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 4.45 बजे तक आयोजित होगी।

## महिला सेल का दिखने लगा असर, छेड़छाड़ की घटनाएं हुई कम

रायगढ़। सार्वजनिक स्थानों में बढ़ती छेड़छाड़ की घटनाओं को लेकर काउलेज में पढने वाली युवतियां व शहर की महिलाएं अपनी सुरक्षा को लेकर पहले से ज्यादा सुरक्षित महसूस कर रही हैं। साथ ही साथ काम काज और पढ़ने लिखने के अलावा किसी होटल या अन्य स्थानों में छेड़छाड़ की घटनाओं पर कुछ और परिवर्तन चाहती हैं, उनका कहना है कि अचानक इस प्रकार की घटनाओं पर पुलिस की सतत निगरानी रहनी चाहिए ताकि महिलाएं व युवतियां बिना किसी डर के अपने



कामकाज निपटाए और घरेलू काम से किसी सार्वजनिक स्थान पर जाती है तो उन्हें मनचलों तथा अश्लील हरकत करने वालों से छुटकारा मिल सके। वे यह भी कहती हैं कि ऐसी वारदातों को रोकने के लिए एक विशेष कार्य योजना बननी चाहिए ताकि गुंडा तत्वों पर लगाम लग सके। जिले में महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अधिकारी भी चौकन्ने है वे कहते हैं कि छत्तीसगढ़ में अलग से केवल महिलाओं के लिए विशेष सुरक्षा व छेड़छाड़ की घटनाओं को रोकने के लिए महिला सेल बनाया गया है। इतना ही नही महिलाएं बिना किसी डर के सार्वजनिक क्षेत्रों में आएं और उनके लिए हर जगह निगरानी करती पुलिस टीम तैनात रहती है। डीएसपी तथा पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल का कहना है कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए सूचना मिलते ही कार्रवाई करने के लिए भी पुलिस टीम तत्पर है।

## ए-1 बिरियानी सेंटर के कर्मचारियों ने युवक के साथ की मारपीट, युवक की हालत गंभीर

रायगढ़। कल रात करीब 10.30 पर स्थानीय स्टेशन चौक पर स्थित ए1 वन बिरयानी सेंटर के दो कर्मचारियों ने एक युवक पर जानलेवा हमला किया है । युवक को गंभीर स्तिथि में मेकाहारा में ले जाया गया जहां उसकी स्तिथि गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबित कल रात 10.30 बजे जय राम कॉलोनी निवासी धनवीर



चौहान जो की रेलवे स्टेशन में ठेकेदार के अंदर रोजी मजदूरी का कार्य करता है। कल रात काम पर जाने से पहले युवक स्टेशन चौक स्तिथ ए-1 बिरयानी सेंटर बिरयानी खाने गया था जब वहां के कर्मचारियों को युवक द्वारा जल्दी खाने देने के लिए कहा तो वहां के कर्मचारियों ने युवक के साथ गाली गलौच किया जिसका युवक ने बहिस्कार किया। जिसके बाद होटल के 2 कर्मचारियों ने युवक पर चाकू व रॉड से हमला कर दिया। युवक को आनन फानन में मेकाहारा में भर्ती कराया जहा उसकी हालात नाजुक बनी हुई है। मामले की शिकात थाना कोतवाली में की गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु. सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य स्तर में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक दृष्टि के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480